राजस्थान सरकार
रोजगार सेवा निदेशालय
गोपीनाथ मार्ग,दरबार स्कूल परिसर,जयपुर

क्रमांक प.9(13)भण्डार / 97 / 16–17 / 2983 जयपुर 17/3/20

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशालय रोजगार विभाग,जयपुर में अनुपयोगी / नाकारा सामान जैसे फोटो स्टेट मशीन, आलमारी,मटका स्टेण्ड, पेडस्टल फैन, आलमारी बड़ी लोहे की, केल्कुलेटर, कूलर, साईड रैक, टेलीफोन यंत्र, इत्यादि जिसका अनुमानित पुस्तक मूल्य राशि 2,25,000 / –(अक्षरे दो लाख पच्चीस हजार मात्र) की नीलामी खुली बोली के द्वारा निदेशालय परिसर में दिनांक 30.03.2020 को मध्यान्ह पश्चात् 2.30 बजे नीलामी समिति द्वारा की जायेगी, इच्छुक व्यक्ति / फर्म निर्धारित दिनांक एवं समय पर निदेशालय परिसर में उपस्थित होकर बोली लगा सकते है, बोली दाता को अमानत राशि के रूप में राशि रू. 2 प्रतिशत 4500 / –रू. (अक्षरे चार हजार पांच सौ रू. मात्र) नीलामी से पूर्व 2.00 बजे तक जमा कराने होगें 2.00 पी.एम. के पश्चात , अमानत राशि स्वीकार नहीं की जावेगी। अमानत राशि जमा नहीं कराने वाले व्यक्ति / फर्म नीलामी में भाग नहीं ले सकेगें,नीलामी से संबंधित नियम एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में भण्डार पाल के पास अवलोकन किया जा सकता है। सामान जहां है जैसा है के आधार पर नीलामी किया जायेगा। नीलाम किये जाने वाले सामान का अवलोकन कार्य दिवस में कर्यालय समय में किया जा सकेगा। सफल बोलीदाता को बोली समाप्ति के पश्चात् बोली राशि की एक चौथाई राशि तुरन्त जमा करानी होगी एवं शेष राशि तीन दिवस में जमा कराकर सामान उठाना होगा। संपूर्ण राशि पर नियमानुसार देय GST / अन्य कर अतिरिक्त जमा कराना। शेष राशि निर्धारित अवधि में जमा नहीं कराने पर समस्त जमा राशि जब्त कर ली जाएगी। नीलामी समिति का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। समिति को बिना कारण बताए नीलामी रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

संयुक्त निदेशक (स्व–रोजगार)